**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×4=8**

(i) गेहूँ हम खाते हैं, गुलाब सूंघते हैं । एक से शरीर की पुष्टि होती है, दूसरे से हमारा मानस तृप्त होता है । गेहूँ बड़ा या गुलाब ? हम क्या चाहते हैं– पुष्ट शरीर या तृप्ति मानस ? या पुष्ट शरीर पर तृप्त मानस । जब मानव पृथ्वी पर आया, भूख लेकर । क्षुधा, क्षुधा पिपासा, पिपासा । क्या खाए क्या पीए ?

(ii) बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है । जिससे हमें दु:ख पहुँचता है उस पर यदि हमने क्रोध किया और यह क्रोध हमारे हृदय में बहुत दिनों तक टिका रहा तो वह बैर कहलाता है । इस स्थाई रूप में टिक जाने के कारण क्रोध का वेग और उग्रता तो धीमी पड़ जाती है; पर लक्ष्य को पीड़ित करने की प्रेरणा बराबर बहुत काल तक हुआ करती है ।

(iii) ज्ञान-राशि के संचित कोष ही का नाम साहित्य है । सब तरह के भावों को प्रकट करने की योग्यता रखने वाली और निर्दोष होने पर भी,





# 32240

## B.A. & Hons. (Subsidiary) EXAMINATION, 2025

(Fourth Semester)

हिन्दी (ऐच्छिक)

*Time :* 3 *Hours*] [*Maximum Marks :* 80

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×4=8**

(क) ठाडी पंडिताइन कहत मंजु भावन सों,
प्यारे परौं पाइन तिहारोई यह घरू है ।
आये चलि हरौं श्रम कीन्हों तुम भूरि दु:ख,

दारिद गमायो यो हँसत गह्यो करू है ।
रिद्धि सिद्धि दासी करि दीन्हीं अविनासी कृस्न,
पूरन प्रकासी, कामधेनु कोटि बरू है ।

(ख) द्वारपाल सों तिन कही, कही पठवहु यह गाथा।
आये बिप्र महाबली, देखहु होहु सनाथ ।
सुनत चली आनन्द युत, सब सखियन लै संग।
किंकिनी नूपुर दुन्दुभि, मनहु काम चतुरंग ।

(ग) दानी बडे तिहु लोकन में जग जीवत नाम सदा जिनको लै ।
दीनन की सुधि लेत भली बिधि सिद्धि करौ पिय मेरो मतो लै ।
दीनदयाल के द्वार न जात सो और के द्वार पै दीन ह्वै बोलै ।

(घ) सिच्छक हौं सिगरे जग को तियए ताको कहाँ अब देति है सिच्छा ।
जे तप कै परलोक सुधारतए संपति की तिनके नहि इच्छा ।।



मेरे हिये हरि के पद पंकज, बार हजार लै देखि परिच्छा ।
औरन को धन चाहिये बावरिए ब्राह्मन को धन केवल भिच्छा ।।

**2.** सुदामाचरित का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **1×8=8**

**अथवा**

नरोत्तमदास की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×3=6**

(i) सुदामाचरित का शिल्प विधान स्पष्ट कीजिए ।

(ii) सुदामाचरित में क्या संदेश मिलता है ?

(iii) सुदामाचरित के आधार पर श्रीकृष्ण का शील-निरूपण कीजिए ।

(iv) सुदामा की पत्नी सुशीला का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

यदि कोई भाषा अपना नीचे का साहित्य नहीं रखती तो वह, रूपवती भिखारिनी की तरह, कदापि आदरणीय नहीं हो सकती ।

(iv) पता नहीं किसने इस पेड़ का नाम 'देवदारू' रख दिया था, नाम निश्चय ही पुराना है, कालिदास से भी पुराना, महाभारत से भी पुराना। सीधे ऊपर की ओर उठना है, इतना ऊपर की पास वाली चोटी के भी ऊपर उठ जाता है ।

**5.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **1×8=8**

(i) 'देवदारू' निबंध का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए कीजिए ।

(ii) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की निबन्ध कला पर प्रकाश डालिए ।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×2=8**

(i) 'दाँत' निबंध की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'आचरण और सभ्यता' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(iii) रामवृक्ष बेनीपुरी का साहित्यिक परिचय लिखिए।

(iv) 'क्रोध' निबंध का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×9=18**

(i) द्विवेदीयुगीन प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

(ii) प्रगतिवाद की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

(iii) नयी कविता काव्यधारा की प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए ।

(iv) आधुनिक काल की परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए ।

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×4=8**

(i) द्विवेदीयुगीन परम्परा में किन-किन कवियों का योगदान रहा ? वर्णन कीजिए ।

(ii) भारतेंदु युग की कोई **दो** प्रवृत्तियाँ लिखिए ।

(iii) छायावाद काव्य की कोई **दो** प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

(iv) समकालीन कविता पर **एक** संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।



**9.** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : **8×1=8**

(i) 'गेहूँ और गुलाब', निबन्ध के रचयिता कौन हैं ?

(ii) नरोत्तम दास की किन्हीं **दो** रचनाओं के नाम लिखिए ।

(iii) सुदामाचरित के आधार पर चावल की पोटली को सुदामा ने कहाँ रखा ?

(iv) 'क्रोध' निबंध के आधार पर क्रोध के प्रेरक **दो** प्रकार के दुःख कौन-कौनसे हैं ?

(v) महावीर प्रसाद द्विवेदी का जन्म कब हुआ ?

(vi) भारतेंदु युग का प्रवर्तक और समय सीमा क्या है ?

(vii) समकालीन कविता के किन्हीं **दो** कवियों के नाम बताइए ।

(viii) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार छायावाद की समय सीमा क्या है ?

❖❖❖❖❖❖❖❖